Doon Public School Bhuj
Worksheet

Class 5_Hindi_अपठित गदयांश व पदयांश **दिनांक : 30/06/2020**

नोट :- निम्न कार्य अपनी रफ नोट बुक में करें ।

1. नीचे दिए गए गद्यांशों को ध्यान से पढ़ो। पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

(क) एक दिन तेनालीरामन ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा भाँप गया। उसने चोरों को सुनाकर अपनी पत्नी से कहा, ''देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास जो रुपया-पैसा और कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।'' चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीरामन ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे। फिर उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए। लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन-चार बालटियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के भय से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीरामन वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, ''भाइयो, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ। तुम लोगों ने रात भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।''

(i) तेनालीरामन के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?

....

(ii) तेनालीरामन ने संदूक में क्या भरा?

....

(iii) तेनालीरामन ने रुपये-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?

....

(iv) संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया?

....

(v) तेनालीरामन ने चोरों को 'धन्यवाद' क्यों कहा?

....

....

(ख) आज से एक सौ बरस पहले, बरसाती मौसम के तीसरे पहर, एक खूबसूरत लड़का खिड़की से झुककर बेचैनी के साथ पानी से भरी गली की ओर देख रहा था। उसने मामूली सूती कपड़े और सस्ते स्लीपरों की जोड़ी पहन रखी थी। उसके केश कुछ ज़्यादा ही लंबे थे। वह ऐसा लग रहा था, जैसे कितने ही दिनों से उसकी हजामत न हुई हो। कुछ लोगों का कहना था कि वह लड़की जैसा दिखता था। एक बार उसके स्कूल के एक साथी ने यह अफ़वाह फैला दी कि वह सचमुच

एक लड़की ही है जो लड़कों जैसे कपड़े पहनती है। इस बात को साबित करने के लिए उसके साथियों ने उसे चाय पीने के लिए बुलाया। उन लोगों ने उसे एक ऊँचे बेंच पर से कूदने को मजबूर किया, क्योंकि उनका खयाल था कि लड़कियाँ नीचे उतरते समय पहले बायाँ पैर उठाती हैं। वह कूद तो गया, लेकिन बहुत दिनों तक उसे उस चाय-पार्टी के बारे में कोई संदेह नहीं हुआ। लड़के का नाम रबींद्रनाथ या संक्षेप में रबि था।

(i) खिड़की से झुककर गली की ओर देखने वाले लड़के का क्या नाम था?

....

(ii) लड़के ने क्या पहना हुआ था?

....

(iii) वह लड़का लड़की जैसा क्यों दिखाई देता था?

....

....

(iv) वह लड़का 'सचमुच एक लड़की ही है जो लड़कों जैसे कपड़े पहनती है'—यह साबित करने के लिए उसके साथियों ने क्या किया?

....

....

(v) विलोम शब्द लिखो।

खूबसूरत .... संक्षेप ....

2. नीचे दिए गए काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़ो। पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

(क) है शौक यही, अरमान यही
हम कुछ करके दिखलाएँगे।
मरने वालों की दुनिया में हम,
अमरों में नाम लिखाएँगे।
जो लोग गरीब भिखारी हैं,
जिन पर न किसी की छाया है।
हम उनको गले लगाएँगे,
हम उनको सुखी बनाएँगे।
जो लोग अँधेरे घर में हैं,
अपनी ही नहीं नज़र में हैं।
उनके घर के हर कोने में,
उद्‌यम का दीप जलाएँगे।

(i) बच्चों को किस बात का शौक है?

....

....

(ii) बच्चे अपना नाम कौन-सी सूची में लिखवाना चाहते हैं?

....

(iii) 'गले लगाने' का क्या अर्थ है?

....

(iv) बच्चे कैसे लोगों को सुखी बनाना चाहते हैं?

....

....

(v) नीचे दिए गए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाओ।

• अरमान	चाव
• शौक	परिश्रम
• नज़र	इच्छा
• उद्यम	दृष्टि